**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 10.07.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना मरका पुलिस टीम द्वारा गुम हुए ढाई वर्षीय बच्ची के परिजनों को पता लगाकर सकुशल किया गया सुपुर्द ।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में **"ऑपरेशन मुस्कान"** के क्रम में आज दिनांक 10.07.2025 को थाना मरका पर एक लगभग ढाई वर्षीय बच्ची के बलराम चौराहा सिंह ढाबा मरका पुल के पास भटकते हुए पाये जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल मरका द्वारा मौके पर जाकर बच्ची को साथ में लेकर आस-पास के लोगों से पूछताछ करते हुए परिजनों का पता लगाकर सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा बताया गया कि बच्ची का बड़ा भाई अपने दादा को बुलाने के लिए घर से बाहर जा रहा था उसी समय बच्ची भी उसके पीछे-पीछे चली गई और कुछ दूर जाने पर रास्ता भटक कर घर से दूर चली गई बाद में राहगीरों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस द्वारा बच्ची सौम्या की मा रामादेवी व पिता संत कुमार निवासी मरका को बुलाकर सकुशल सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया।

**टीम का विवरण-**

1. उ0नि0 श्री दिनेश कुमार शर्मा
2. कां0 पियूष कटियार
3. कां0 शैलेश कुमार
4. कां0 सुजीत कुमार
5. म0कां0 सुप्रिया सिंह